सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी केकडी जिला अजमेर

राजस्व प्रार्थना पत्र स0 21/2015

1. पारी देवी पत्नि भूरालाल जाति ब्राहम्ण
2. महावीर प्रसाद पुत्र भूरालाल जाति ब्राहम्ण
3. [illegible] पुत्र भूरालाल जाति ब्राहम्ण

निवासीगण धून्धरी तहसील केकड़ी, जिला अजमेर (राज.)

---प्रार्थीगण/वादीगण

♠बनाम♠

1. रामनिवास पुत्र लादू जाति ब्राहम्ण
2. दुर्गालाल पुत्र लादू जाति ब्राहम्ण
   2/1 श्रीमति गीता पत्नि स्वर्गीय दुर्गालाल
   2/2 रामरतन पुत्र स्वर्गीय दुर्गालाल
   2/3 दिलखुश पुत्र स्वर्गीय दुर्गालाल
   2/4 कान्ता पुत्री स्वर्गीय दुर्गालाल
   2/5 मधु पुत्री स्वर्गीय दुर्गालाल
   2/6 सीमा पुत्री स्वर्गीय दुर्गालाल
   समस्त निवासीगण धून्धरी तहसील केकड़ी जिला अजमेर राज.
3. राज. सरकार जरिये तहसीलदार भू-अभि. केकड़ी जिला अजमेर राज.।

--अप्रार्थीगण/प्रतिवादीगण

<u>प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा 251-क राजस्थान काश्त. अधि. 1955</u>

पीठासीन अधिकारी : श्री नीरज कुमार मीना (आरएएस)

निर्णय दिनांक 01.05.2018

पत्रावली आज दिनांक लोक अदालत न्याय आपके द्वार 2018 केम्प धून्धरी में पेश हुई। वादीगण/प्रतिवादीगण उपस्थित । उभय पक्षों को सुना गया, संक्षेप में विवरण निम्नानुसार है।

वादीगण ने एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 251-क आरटीएक्ट के तहत पेश कर निवेदन किया है कि वादग्रस्त आराजी वाके **ग्राम धून्धरी तहसील केकड़ी** के जमाबंदी संवत 2069-72 ख.नं. 2508,2509,2509/1, कुल रकबा 1.16 है. जो कि प्रार्थी की खातेदारी की आराजी है जिसमें आने जाने हेतु खसरा नम्बर 2511,2512,2514 कुल रकबा 1.04 है. भूमि में से रास्ता चाहा गया है। चाहा गया रास्ता पूर्व में इन्ही खसरान नम्बर में से होकर जाता आता था किन्तु प्रतिवादीगण ने उक्त रास्ते को उसकी खातेदारी की आराजी में इस रास्ते को खेत मिलाकर तारबन्दी कर ताला लगा दिया है। जिसके कारण प्रार्थीगण की आराजी में आने जोने का रास्ता बन्द कर दिया है। चाहे गये रास्ते हेतु प्रार्थीगण वर्तमान पंजीयन दर से रास्ता में जाने वाली भूमि की मालियत जमा राजकोष कराने को तैयार है। लिहाजा प्रार्थनापत्र स्वीकार फरमाया जावे।

पत्रावली दर्ज मुकदमा रजिस्टर किया गया । पत्रावली में तहसीलदार केकडी ,भू. अभि.निरी.,पटवारी हल्का धुन्धरी की जांच रिपोर्ट एवं मौर्का पर्चा शामिल पत्रावली किया गया ।

उक्त वादग्रस्त आराजी का तहसीदार केकडी ,भूअभि.निरी. पारा व पटवारी हल्का धून्धरी से प्राप्त मौका रिपोर्ट अनुसार ग्राम धून्धरी के खसरा नम्बर 2508 व खसरा नम्बर 2509के निरीक्षण अनुसार वादीगण द्वारा खसरा नम्बर 2514,2512,2511 मेंसे 4 मी.चौडा रास्ता चाहा गया । वर्तमान में चाहा गया रास्ता मौके पर लोहे के गेट लगाकर बंद है। जिसके अलावा अन्य वैकल्पिक रास्ता नहीं है।

अतः प्रस्तुत मौका पर्चा रिपोर्ट तहसीलदार केकड़ी, भू.अ. निरी. एवं पटवारी हल्का धून्धरी दिनांक 01.05.2018 अनुसार वाद वर्णित आराजी वाके 2508 व खसरा नम्बर 2509के निरीक्षण अनुसार वादीगण द्वारा खसरा नम्बर 2514,2512,2511 मेंसे 4 मी.चौडा रास्ता चाहा गया । जिसका मौका निरीक्षण अनुसार वादिया 4 मीटर चोडा रास्ता चाहे जाने से ग्राम धून्धरी के पंजीयन दर (डीएलसी दर) 2,30,000/— प्रति हैक्ट. है। क्षेत्रफल व कीमत का विवरण निम्नानुसार है–

| क्र. सं. | नाम खातेदार | खसरा नम्बर | रकबा | रास्ते हेतु चाहा गया क्षेत्रफल | कीमत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रामनिवास पुत्र लादू ब्राम्हण | 2514 | 0.59 | 0.0080 | 1840 X 2 = 3680/— |
| 2 | गीता पत्नि दुर्गालाल वगै. | 2512 | 0.32 | 0.0440 | 10120 X 2 = 20240/— |
| 3. | गीता पत्नि दुर्गालाल वगै. | 2511 | 0.13 | 0.0184 | 4232 X 2 = 8464/— |
| कुल रास्ते हेतु चाहा गया रकबा एवं कीमत | | | | 0.0704 | राशि = 32384 |

*तहसीलदार केकड़ी को निर्णय की प्रति पालना हेतु पृथक से लिखा जाकर प्रार्थी से डीएलसी दर अनुसार राशि जमा राजकोष कर निर्णय की पालना करें।*

आदेश आज दिनांक 1.5.2018 को पृथक से लिखा जाकर लोक अदालत न्याय आपके द्वार केम्प धुन्धरी में मजमें आम में सुनाया गया व शामिल पत्रावली किया गया ।

उपखण्डअधिकारी
केकडी